# Hindi Rhymes
## ( Revision )

PREP


## प्रार्थना



हे भगवान्, हे भगवान्,
हम बच्चे तेरे नादान।
पढ़-लिखकर हम बनें महान्,
ऐसा दो हमको वरदान।

## इन्द्रधनुष

इंद्रधनुष सतरंगा निकला,
लेकर अपने सातों रंग।
इतना बड़ा धनुष देखा तो,
सारे बच्चे रह गए दंग।



# चन्दामामा

‘चन्दामामा’ हो तुम दूर,
कैसे आऊँ हूँ मजबूर,
तुम्हीं जरा कुछ कष्ट उठाओ,
आओ, विनती मत ठुकराओ।



# होली

रंग-बिरंगी होली आयी,
सब बच्चों में मस्ती छायी;
भरकर रंग गुलाल से झोली,
निकल पड़ी बच्चों की टोली।



# मीठी बातें

कहा फूल ने तितली रानी,
अच्छा पाठ पढ़ाती हो,
मीठी-मीठी बातें करके,
मीठा रस ले जाती हो।



# चन्दा मामा

चन्दा मामा दूर के,
पुए पकाए गूर के।
आप खाएँ थाली में,
मुन्ने को दें प्याली में।
प्याली गई टूट,
मुन्ना गया रूठ।

